आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 19.03.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की इनामी धनराशि जारी।
- लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय ने देहरादून शहर में रोड कटिंग के बाद मार्गों के बहाली कार्यों का निरीक्षण किया।
- चैत्र नवरात्र के पहले दिन प्रदेश के विभिन्न सिद्धपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

राज्यपाल/सम्मेलन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि इन्हें सशक्त किए बिना समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावी नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नवाचार और तकनीक के समावेश को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि राज्य की प्राथमिक व निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना बेहद जरूरी है। आज देहरादून में आयोजित हिमालयन हेल्थकेयर इनोवेशन समिट को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी ए.आई, आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों और टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकों से जोड़ने पर जोर दिया, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके नियमित प्रशिक्षण, क्षमता संवर्धन और उन्हें नवीनतम तकनीकों और नवाचारों से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संवेदनशीलता को देखते हुए ट्रॉमा केयर और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए, जिससे मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके। उन्होंने मातृ व शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण और नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए सुविधाओं के विस्तार पर भी बल दिया। समिट में देशभर के हिमालयी राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

खिलाड़ी/धनराशि

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की इनामी धन राशि जारी की गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में प्रत्यक्ष लाभ हंस्तातरण के माध्यम से यह धनराशि खिलाड़ियों के खातों में डाली। उन्होंने बताया कि इनमें पहली जुलाई, 2024 से 31 मार्च, 2025 के बीच विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा पिछले साल हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले कुछ खिलाड़ी और प्रशिक्षक कागजी औपचारिकताएं समय पर पूरी न कर पाने के कारण इनामी धन राशि प्राप्त करने से चूक गए थे, उन्हें भी यह धनराशि जारी कर दी गई है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य का नाम रौशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए आउट ऑफ टर्न जॉब की प्रक्रिया भी तेजी से गतिमान है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में शहरी विकास विभाग, पेयजल और लोक निर्माण विभाग के विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने शहरी विकास विभाग की नीलकंठ महादेव और रामनगर में मल्टीस्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य को मंजूरी देते हुए पार्किंग निर्माण गाइडलाइंस का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने निर्देश दिए। वहीं, पेयजल

विभाग के चार प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान करते हुए मुख्य सचिव ने ग्रेविटी आधारित पेयजल परियोजनाओं में मीटर लगाए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग की काठगोदाम बाईपास मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत साढ़े तीन किलोमीटर मार्ग और इसमें 75 मीटर स्पान पुल निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## सचिव निरीक्षण

लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज पाण्डेय ने आज देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों में रोड कटिंग के बाद मार्गों के बहाली कार्यों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश स्थानों पर सड़क बहाली कार्य संतोषजनक पाए गए। हालांकि, कुछ स्थानों पर सड़क का समुचित पुनर्स्थापन नहीं किया गया था और मलबा सड़क पर पाया गया। इस पर सचिव ने संबंधित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## चैत्र नवरात्र

चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज प्रदेश के विभिन्न सिद्धपीठों और देवी मंदिरों में पूजा—अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिरों और घरों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि—विधान से पूजा—अर्चना कर घट स्थापना की गई। चम्पावत जिले में पूर्णागिरि मंदिर, माँ बाराही मन्दिर और हिंगलादेवी मन्दिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे के साथ दर्शन—पूजन किए। अल्मोड़ा में चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु हिमानी बनौला ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मां नंदा देवी मंदिर में पूजा—अर्चना की।

वहीं, देहरादून और हरिद्वार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के मंदिरों में माता की पूजा—अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें देखने को मिली।

## स्वास्थ्य शिविर

समाज कल्याण विभाग की ओर से आज बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत आयोजित शिविर में 35 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सभी बुजुर्गों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के एडीओ गिरीश नेवली ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य बुजुर्गों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## मौसम

प्रदेश में केदारनाथ सहित अन्य ऊंची चोटियों पर आज बर्फबारी हुई। वहीं, निचले हिस्सों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। राजधानी देहरादून, बागेश्वर और हरिद्वार सहित अन्य जिलों में रुक—रुक कर बारिश हुई। मौसम विभाग ने देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के ऊंचाई वालें क्षेत्रों में कहीं—कहीं भारी बारिश व बर्फबारी के साथ आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।